प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 10.03.2026**

थाना शिवली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दहेज हत्या से सम्बन्धित 02 अभियुक्तगण व 01 अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, ग्राम गहिरा में अभियुक्तगण / ससुरालीजन द्वारा अतरिक्त दहेज की मांग करने, मांग पूरी न होने पर मारपीट व प्रताडित करने के कारण दिनांक 06.03.2026 को वादी की भांजी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में थाना शिवली पर मु0अ0सं0 97/2026 धारा 85/80(2) बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट बनाम 1. गोलू उर्फ सुधीर पुत्र मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू 2. राजेश पुत्र मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू 3. श्रीमती माया देवी पत्नी मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू निवासीगण ग्राम उत्तमपुर, पोस्ट हेथुआ राजपुर, थाना राजपुर, जनपद बक्सर, प्रान्त बिहार हाल निवासी ग्राम गहरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 10.03.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तगण गोलू उर्फ सुधीर, राजेश उपरोक्त व अभियुक्ता श्रीमती माया देवी उपरोक्त को भेवान नहर पुल के पास झाल के पास रोड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण व अभियुक्ता उपरोक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण व अभियुक्ता का नाम व पता:-

1. गोलू उर्फ सुधीर पुत्र मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू, उम्र 27 वर्ष,
2. राजेश पुत्र मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू, उम्र 30 वर्ष,
3. श्रीमती माया देवी पत्नी मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू, उम्र 58 वर्ष,
   समस्त निवासीगण ग्राम उत्तमपुर, पोस्ट हेथुआ राजपुर, थाना राजपुर, जनपद बक्सर प्रान्त बिहार हाल निवासी ग्राम गहरा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री अजय कुमार,
2. का0 845 अभिषेक कुमार,
3. म0का0 304 कल्पना।